आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 576/2022 अनवान ***श्रीराम व अन्य बनाम गोविन्द शर्मा वगैरा***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23.09.24	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलांट एवं राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। रेस्पो0सं0 1 के सम्मन तामिल अथवा अदम तामिल अप्राप्त है। वकील अपीलांट ने अपीलांट्स की ओर आज दिनांक को प्रार्थना पत्र वास्ते अपील अपील विड्रो करने का प्रस्तुत किया गया। वकील अपीलांट द्वारा मुख्यतः यह निवेदन किया कि उक्त अनवान प्रकरण में पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अतः अपीलांट्स उक्त अपील आगे चलाना नही चाहते है तथा अपील विड्रो करना चाहते है। अतः वकील अपीलांट्स द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलांट्स की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे व अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। **(अजीत सिंह राजावत)** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	